CMYK

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 106 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार , 2 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भाजपा सरकार में पारदर्शिता, कांग्रेस पर आरोपों का पलटवार

## शिक्षा मंत्री दिलावर बोले- तबादले अब निष्पक्ष, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार का रहा बोलबाला

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

प्रधानाचार्यों के तबादलों को लेकर लगाए गए आरोपों पर राज्य सरकार ने कड़ा जवाब दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने डोटासरा की टिप्पणियों को आधारहीन और राजनीतिक रूप से भ्रामक बताया। दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में तबादले पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किए जा रहे हैं।





शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरोपों को भ्रष्टाचार और पाखंड पर आधारित राजनीतिक बयान करार देते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार का केंद्र था। उन्होंने ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि तबादलों में रिश्वतखोरी के मामले में राजस्थान उस समय पूरे देश में शीर्ष पर था। दिलावर ने कहा कि डोटासरा का आरोप तब होना चाहिए था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने शिक्षकों ने खुले मंच पर तबादलों में पैसों के खेल को स्वीकार किया था। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैसे नेता सामान्य कार्यकर्ता से उठकर आज देश और प्रदेश के नेतृत्व में हैं। गोदारा ने डोटासरा की टिप्पणियों को अशोभनीय करार दिया और कहा कि आरएसएस के विचार और संगठन ने करोड़ों लोगों का विश्वास अर्जित किया है, ऐसे संगठन और उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना स्वीकार्य नहीं है। दोनों नेताओं ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार में तबादले पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहे हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अश्लील वीडियो कॉल और चैट कर ब्लैकमेल करने वाला गिरोह पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

साइबर अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगरोप थाना क्षेत्र से पुलिस ने अश्लील वीडियो कॉल और चैट कर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

साइबर थाना प्रभारी उदयसिंह चौहान के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान आरोपियों से 28 सिम कार्ड, 9 मोबाइल फोन और 4 एटीएम कार्ड बरामद किए गए। जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम एप के जरिए देशभर के 1500 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी कर चुके हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी पीड़ितों को अश्लील वीडियो कॉल और चैट के लिए उकसाते थे। बाद में स्क्रीनशॉट और रिकॉर्डिंग बनाकर उन्हें वायरल करने या पुलिस केस दर्ज होने की धमकी देकर पैसे ऐंठते थे। ठगी की



राशि मनी ट्रांसफर कंपनियों के खातों में डलवाई जाती और बाद में नकद निकालकर खाते बंद करवा दिए जाते थे।

गिरफ्तार आरोपियों में संजय सिंह गहलोत निवासी मंदिप्य मंगरोप और शिवराज नाथ निवासी गुवारड़ी मंगरोप शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। इधर, एसपी धर्मेंद्र सिंह ने आमजन से अपील की है कि किसी भी साइबर अपराधी द्वारा ब्लैकमेल, डराने-धमकाने या धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।

# पीएम मोदी का मंत्र एक ही है - सेवा: अशोक परनामी

## दिव्यांग छात्रों को किए उपकरण वितरित, चेहरों पर मुस्कान





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भाजपा द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय टाउनहॉल में हुए प्रबुद्ध जन संवाद और दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने उपस्थित प्रबुद्धजनों और दिव्यांग छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, ÷प्रधानमंत्री मोदी ने समाज, संस्कृति और हिंदुत्व को आगे बढ़ाया। आतंकवाद को करारा जवाब दिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश को सशक्त बनाया। उनका मंत्र एक ही है - सेवा।

समारोह में लगभग 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं को उपकरण वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरे पर मुस्कान देखी गई। परनामी ने वोकल फॉर लोकल, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान और स्वच्छता अभियान जैसे भाजपा के जनकल्याणकारी प्रयासों को भी हाइलाइट किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, महापौर राकेश पाठक, जिला प्रमुख बरजी देवी भील, विधायक जब्बरसिंह सांखला, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया समेत अन्य नेता और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

समारोह में उपस्थित सभी ने सेवा पखवाड़े की सार्थकता को महसूस किया और प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रयासों के प्रति आभार जताया।

# धर्म तालाब में महिला का शव मिला, गुमशुदगी के तीन दिन बाद खुला राज



**भीलवाड़ा फोकस @ रायला।**

थाना क्षेत्र के धर्म तालाब के पास एक महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के बधादु जिले के गोत्र गांव निवासी रवीना शर्मा पत्नी सीटू शर्मा के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि रवीना तीन दिन पहले अचानक घर से लापता हो गई थी। पति ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी , जिसमे बताया था कि सुबह फैक्ट्री जाने के बाद जब वह घर लौटा तो पत्नी घर पर नहीं थी। ग्रामीणों ने शव को तालाब के घाट के पास देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया और जांच शुरू की है ।

# अवैध बजरी खनन का भंडाफोड़, 7 आरोपी गिरफ्तार, 8 वाहन जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस थाना शम्भूगढ और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर अवैध बजरी खनन और परिवहन में संलिप्त 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई जगपुरा के पास खारी नदी में की गई, जहां पुलिस ने 3 डम्पर, 2 ट्रेक्टर पर बने लोडर और 3 एस्कोर्ट वाहन जब्त किए। शंभुगढ़ थानाधिकारी मोतीलाल ने बताया की कार्रवाई के दौरान मौके पर कुछ वाहन चालक भागने की कोशिश में लगे, लेकिन पुलिस ने सभी को डीटेंन कर वाहनों को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है । पुलिस ने दिनेश (23) निवासी लक्ष्मीपुरा, लोकेन्द्र सिंह (31) निवासी कालिंजर, शैतान (21) निवासी हताण, राजमल (23) निवासी रायरा, कमलेश (25) निवासी भैरूखेडा, ओमप्रकाश (18) निवासी दौला का खेडा और विनोद (32) निवासी लक्ष्मीपुरा को हिरासत में लिया हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी बिना वैध दस्तावेज के बजरी का खनन और परिवहन कर रहे थे तथा एस्कोर्ट वाहन का उपयोग करते हुए अवैध कार्य को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने मामले को लेकर खनिज विभाग को भी सूचना दी है ।

# 5000 रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा और बूंदी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिजौलिया थाना के डोडा-चुरा मामले में 18 महीने से फरार 5000 रुपये का इनामी अपराधी हनुमान पासवान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी हनुमान पासवान पिता सत्यनारायण पासवान निवासी ऐबरा, बूंदी को रायथल पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार था और डोडा-चुरा मामले में वांछित था।



गिरफ्तारी के बाद आरोपी को पीसी प्राप्त कर अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में भीलवाड़ा और बूंदी की पुलिस टीम के कई अधिकारी शामिल रहे।

# अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

नवनियुक्त थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने पदभार संभालते ही अवैध बजरी माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बुधवार सुबह थाना क्षेत्र के थल खुर्द गांव में थाना प्रभारी व पुलिस टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से बजरी परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया।



अचानक हुई इस कार्रवाई से बजरी परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया। थाना प्रभारी शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध बजरी खनन व परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस टीम लगातार निगरानी रखेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# जोगणिया माता धाम: दान पात्र से निकली 1.29 करोड़ की राशि , नवरात्र महोत्सव संपन्न





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

अष्टमी-नवमी की रात जोगणिया माता धाम श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रही। जगमगाती रोशनी और सजावट से सजा मंदिर परिसर देर रात तक जागरण और भजन संध्या की भव्य प्रस्तुतियों से गूंजता रहा।

बुधवार को मंदिर में दान पात्र खोला गया, जिसमें 1 करोड़ 29 लाख 59 हजार 684 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसी अवसर पर नौ दिनों तक चले धार्मिक आयोजनों की पूर्णाहुति भी संपन्न हुई। पूर्णाहुति में बूंदी के 26वें महाराव राजा वंशवर्धन सिंह हाड़ा उपस्थित रहे और विधिविधान से आहुतियां अर्पित कीं।

माता जोगणिया हाड़ा राजपूतों की कुलदेवी मानी जाती हैं। मंदिर परिसर में भक्तों ने दीपक जलाकर आराधना की और भजन-कीर्तन में भाग लिया। विशेष रूप से पैदल आए श्रद्धालुओं के लिए भोजन और जल की व्यवस्था की गई। मंदिर प्रांगण, गलियां और प्रवेश द्वार भक्तों से खचाखच भरे रहे। इस दौरान भक्तों ने नृत्य और भजनों के माध्यम से अपनी आस्था का जश्न मनाया ।

## नगर निगम ने 26 नए ऑटो टिपर किए शामिल, सफाई व्यवस्था को मिलेगा नया मजबूती



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम ने 26 नए ऑटो टिपर निगम बेड़े में शामिल किए। इन ऑटो टिपरों का उद्घाटन बुधवार को निगम कार्यालय में किया गया। महापौर राकेश पाठक ने बताया कि नए ऑटो टिपर निगम के सफाई बेड़े को मजबूत करेंगे और शहर की सफाई एवं कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया को और प्रभावी बनाएंगे।

उद्घाटन समारोह में पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, महापौर राकेश पाठक और भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा मौजूद रहे। निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि अब निगम के पास कुल 100 ऑटो टिपर होंगे, जिससे सफाई व्यवस्था में तेजी आएगी और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण संभव होगा।

# प्रिंसिपल का तबादला रद्द करने की मांग, छात्रों ने जड़ा स्कूल पर ताला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सरकार द्वारा बड़ी संख्या में प्रिंसिपलों के तबादले किए जाने के खिलाफ जिले के सुवाणा पंचायत समिति की रामपुरिया ग्राम पंचायत के विद्यार्थियों ने विरोध दर्ज कराया। रामपुरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने प्रिंसिपल विवेक कुमार सक्सेना का तबादला रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार सुबह स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ गए।

इस दौरान सरकार और प्रशासन के खिलाफ छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब तक प्रिंसिपल का ट्रांसफर निरस्त नहीं होगा, वे स्कूल में प्रवेश नहीं करेंगे। इस बीच ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और बच्चों की मांग का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों ने सीबीईओ सुवाणा रामेश्वर लाल जीनगर को ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की। अधिकारियों ने ज्ञापन को उचित माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके छात्र और ग्रामीण शांत हुए ।




## शक्करगढ़ में रामलीला समापन आज , धीरज गुर्जर की उपस्थिति में होगा कार्यक्रम

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



नगर में हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का आयोजन बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया जा रहा हे  कार्यक्रम का समापन गुरुवार रात विशेष आयोजन के साथ होगा। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

जानकारी के अनुसार, धीरज गुर्जर शाम 9 बजे शक्करगढ़ पहुंचेंगे और रामलीला समापन समारोह में भाग लेंगे। उनके स्वागत के लिए क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, समर्थक पहुंचेंगे

मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण सेन ने बताया कि समापन अवसर पर धीरज गुर्जर का स्वागत किया जाएगा। धीरज गुर्जर के आगमन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है ।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले भाजपा प्रवक्ता का पूतला फूँका, विरोध प्रदर्शन




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शिवसेना और भारतीय कांग्रेस ब्रिगेड ने सूचना केन्द्र चौराहे पर भाजपा प्रवक्ता पिंटू महादेव का पूतला फूँककर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ, वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए। शिवसेना के आशीष जोशी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भ्रष्टाचार और वोट चोरी के खुलासे के बाद इस प्रकार की धमकी निंदनीय है। कांग्रेस और शिवसेना ने सरकार से भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन में कई कांग्रेस और शिवसेना कार्यकर्ता शामिल हुए।

# गंगापुर में सड़कों के मुद्दे पर बनी सहमति, पार्षदों का अनशन समाप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।**

नगर में प्रवेश की दोनों प्रमुख सड़कों-सहाड़ा चौराहा और मिल रोड के निर्माण की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से जारी पार्षदों का अनशन बुधवार को समझौते के बाद समाप्त हो गया। वार्ता में निर्माण कार्य की समयसीमा तय होने पर सभी अनशनकारियों ने ज्यूस पीकर अनशन तोड़ा।



वार्ता उपखंड अधिकारी राजेश विश्नोई , नगर पालिका ईओ करनी सिंह , कांग्रेस नेता श्याम पुरोहित, व्यापार मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गहलोत, संजय रुईया, नवरत्न हिरण, जगदीश झंवर, राकेश पिछोलिया, सुदीप जैन, संजय अग्रवाल एवं स्थानीय व्यापारियों की मौजूदगी में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 5 अक्टूबर तक सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा और दीपावली तक सहाड़ा चौराहा सड़क पूरी तरह तैयार हो जाएगी। वहीं मिल रोड पर दशहरे के बाद लगातार काम चलाकर सड़क पूरी की जाएगी।

सहमति बनने के बाद पार्षद प्रहलाद सुथार, राकेश व्यास, पंकज चौहान और मनीष ओझा ने अनशन समाप्त कर सभी सहयोगियों का आभार जताया। उपखंड अधिकारी ने नगर पालिका प्रशासन को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सीएचसी के लिए मिली वित्तीय स्वीकृती, ग्रामीणों में खुशी का माहौल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**




**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार होने जा रहा है। गत वर्ष के बजट में राजस्थान सरकार द्वारा सवाईपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने की घोषणा की गई थी। अब इसके लिए वित्तीय स्वीकृति जारी हो गई है।

इस निर्णय से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। भाजपा जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा, कोटड़ी प्रधान करण सिंह बेलवा, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन सहित अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की उम्मीद बढ़ गई है।



## QUICK BITES

### शाहपुरा में डॉ. मुक्ता प्रभा ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में अभियान चलाया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



**पेसवानी।** प्रधानमंत्री के सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. मुक्ता प्रभा ने स्वस्थ नारी, सशक्त नारी अभियान चलाकर ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया। डॉ. प्रभा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्कूल छात्राओं से संवाद कर समय पर स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता और संतुलित आहार की जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, आवश्यक औषधियां वितरित की गईं और रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। योग प्रशिक्षक राबिया बानो ने महिलाओं को योगाभ्यास कराया, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके। डॉ. मुक्ता प्रभा का कहना है कि एक स्वस्थ नारी ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव है। उनका यह नवाचार ग्रामीण समाज में स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण की दिशा में नए बदलाव ला रहा है।

### श्री हरी सेवा उदासीन आश्रम में भक्ति और श्रद्धा के साथ शारदीय नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**पेसवानी।** श्री हरी सेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर, हरिशेवा धाम में शारदीय नवरात्रि महोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन के सान्निध्य में दुर्गा सप्तशती यज्ञ और शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पंडित सत्यनारायण शर्मा एवं पंडित मनमोहन शर्मा ने अनुष्ठान का संचालन किया।

नौ दिनों तक प्रतिदिन माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना, हवन, नवचंडी पाठ और शस्त्र पूजन हुआ। महानवमी पर महा कन्या भोज आयोजित किया गया, जिसमें नौ कन्याओं का पूजन और ब्राह्मण भोज संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत, ब्रह्मचारी, श्रद्धालु और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य भी उपस्थित रहे।

स्वामी हंसराम जी ने बताया कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन विशेष पूजन और हवन से मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को बढ़ावा दिया, बल्कि सामुदायिक एकता और आध्यात्मिक चेतना को भी मजबूत किया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नला का माताजी मंदिर में नवरात्रि आयोजन सम्पन्न, 86 हजार की दान राशि एकत्रित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**(नरेश धाकड़)।** नला का माताजी मंदिर परिसर में चल रहे नौ दिवसीय नवरात्रि आयोजन का बुधवार को पूर्णाहुति के साथ विधि-विधानपूर्वक समापन हुआ। विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन और कन्या पूजन कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी कराई गई।

मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शंकर धाकड़ ने बताया कि आयोजन के दौरान कुल 86 हजार रुपए की दान राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग मंदिर परिसर के विकास कार्यों में किया जाएगा।

पूर्णाहुति कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष शंकर धाकड़, मुकेश धाकड़, कैलाश धाकड़, प्रकाश गुर्जर, शांतिलाल धाकड़, शंभूलाल धाकड़, जीतमल धाकड़, राधेश्याम बलाई, शंकर मेहता और रोहित यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर चिकित्सा कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन, दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

भीलवाड़ा फोकस @ रायपुर।




ब्लॉक क्षेत्र के चिकित्सा कर्मियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से आक्रोश है। इसी को लेकर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन रायपुर के नेतृत्व में कार्यवाहक खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भीलवाड़ा के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ब्लॉक अध्यक्ष पवन सेन ने बताया कि पूर्व में रायपुर ब्लॉक एवं सीएचसी का चार्ज डॉ. भवानी सिंह के पास था, लेकिन उनके जुलाई माह में जयपुर स्थानांतरण के बाद अब तक किसी अधिकारी को आहरण-वितरण का वित्तीय चार्ज नहीं दिया गया। इसी कारण रक्षाबंधन से लेकर अब तक कर्मचारियों का वेतन अटका हुआ है।

त्योहारों के समय लगातार तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों का जीवनयापन कठिन हो गया है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि दीपावली से पहले वेतन जारी नहीं हुआ तो कर्मचारी कार्य बहिष्कार पर उतरेंगे।

# एनएच 758 पर रोड लाइटें बंद, अंधेरे में हादसों का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।



राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 758 पर कस्बे के आबादी क्षेत्र से गुजरते हुए डिवाइडर पर लगी रोड लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं। इससे राहगीरों, वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि अधिकतर पोल पर लगी लाइटें बंद हैं और कुछ खंभों पर लगी लाइटें केवल टिमटिमा रही हैं। इससे रात को पूरा क्षेत्र अंधकारमय हो जाता है। ऐसे में हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा हादसों की आशंका को और बढ़ा रहा है। वहीं अंधेरे के कारण चोरी जैसी घटनाओं की भी संभावना बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गुरला मुजरास टोल प्लाजा के जिम्मेदार और एनएचएआई के अधिकारी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। लाइटें खराब होने के बावजूद मरम्मत या नई व्यवस्था की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे ग्रामीणों और राहगीरों में विभाग के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# राम जानकी मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया नवरात्रि पर्व, कन्याओं ने धारण किए नौ देवियों के स्वरूप

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण



**दिनेश पारीक ।** राम जानकी मित्र मंडल की ओर से नवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक प्रतिदिन रात्रि में गरबा आयोजन कर श्रद्धालुओं ने माता रानी की आराधना की। समारोह राम जानकी मंदिर परिसर में हुआ, जहां मंडल के लखन वैष्णव एवं रवीराज वैष्णव ने बताया कि नवरात्रि समापन अवसर पर कन्याओं को नौ देवियों के स्वरूप में सजाकर उनका पूजन-अर्चन किया गया तथा कन्याभोज का आयोजन भी हुआ। गरबा के दौरान श्रद्धालुओं ने देवी भक्ति गीतों पर नृत्य कर धार्मिक माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। आयोजन में नगर सहित आस-पास क्षेत्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता जी की आराधना की।

# मांडलगढ़ दशहरा मेले का शुभारंभः विधायक खंडेलवाल ने किया उद्घाटन, 51 फीट रावण दहन और भजन संध्या मुख्य आकर्षण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।




नगरपालिका के तत्वावधान में दशहरा मैदान मांडलगढ़ में 1 से 3 अक्टूबर तक दशहरा मेला आयोजित किया जा रहा है । तीन दिवसीय आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रावण दहन व कवि सम्मेलन मुख्य आकर्षण रहेंगे।

मेले का शुभारंभ बुधवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुआ। इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर मेले का उद्घाटन किया और कस्बेवासियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता और संस्कृति का प्रतीक बताया।

2 अक्टूबर की रात 8 बजे 51 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसके साथ ही भव्य आतिशबाजी भी होगी। रात्रि 9 बजे स्थानीय और प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

मेले का समापन 3 अक्टूबर को होगा, इसमें जोधपुर के मोइनुद्दीन मनचला और राजसमंद के लेहरूदास वैष्णव अपनी भजन प्रस्तुतियां देंगे।

नगरपालिका अध्यक्ष संजय डांगी ने बताया कि मेले में सुरक्षा, पार्किंग और सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है।

# रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ का हुआ समापन , निकली शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( मानव तिवाड़ी )।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर कस्बे में चल रहे श्री 108 रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ का समापन बुधवार को विधिविधान के साथ हुआ। यह आयोजन श्री फलाहारी जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया था। पूर्णाहुति समारोह जागेश्वर महादेव मंदिर में संपन्न हुआ, जिसमें पाठकों और श्रद्धालुओं ने मूल रामायण और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहुतियां अर्पित की। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ रामायणजी और ठाकुरजी की शोभायात्रा निकाली गई, जो जागेश्वर महादेव मंदिर से होते हुए चारभुजा मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में पाठक और श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते-गाते जयकारे लगाते आगे बढ़ते रहे। चारभुजा मंदिर पहुंचने पर ठाकुरजी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र के नौ दिनों तक कस्बे के 108 पाठकों ने प्रतिदिन सामूहिक रूप से श्रीरामचरितमानस का पाठ किया और प्रत्येक दोहा-चौपाई पर हवन में आहुतियां अर्पित की।

# दशहरा महोत्सवः मेघनाथ-कुंभकर्ण व रावण के पुतलों का दहन आज

## शोभायात्रा के साथ होगा भव्य आयोजन , आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केंद्र

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**




विजयादशमी के अवसर पर नगर पालिका क्षेत्र में दशहरा महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। दशहरा मैदान और आसपास के क्षेत्रों में झाड़-फूस की सफाई, रंग-रोगन और सजावट का काम सम्पन्न किया गया है। इस वर्ष नगर पालिका ने 51 फीट ऊंचा रावण और 31 फीट ऊंचे कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले तैयार किए हैं, जो महोत्सव को भव्य बनाएंगे।

नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि गुरुवार शाम 6 बजे श्री चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गाजे-बाजे, घोड़ी, लश्कर और बग्गी के साथ बड़ी दरवाजा, पंचायत चौक, सब्जी मंडी होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। यहां भगवान श्री चारभुजा नाथ की पूजा-अर्चना के बाद संकेतात्मक तीर से मेघनाथ, कुंभकर्ण और अंत में रावण का दहन किया जाएगा।

दशहरा मैदान पर आकर्षक लाइटिंग और करीब 60 मिनट तक आसमानी आतिशबाजी का आयोजन होगा। रावण दहन रात 8:30 बजे शुरू होगा । इस अवसर पर विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# गरबा महोत्सव में भक्ति और उल्लास का संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

कस्बे के रायसिंह सिंह माता मंदिर परिसर में साहू यूथ गरबा महोत्सव सीजन-7 का आयोजन हुआ। माता रानी की पूजा-अर्चना और आशीर्वाद के साथ शुरू हुए इस भव्य महोत्सव में नगरवासियों की उमंग और भक्ति देखते ही बन रही थी।

रंग-बिरंगे परिधान, गरबा की ताल और संगीतमय वातावरण ने पूरे नगर को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में कैंब्रिज आईटीआई कॉलेज निदेशक दिनेश साहू, कैंब्रिज स्कूल निर्देशक भगवती लाल साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और आयोजन समिति को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान सामूहिक डांडिया, गुजराती गरबा, एकल नृत्य और छोटे बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुतियां दी गईं। आयोजन समिति के कार्यकर्ताओं ने बताया कि महोत्सव में प्रतिवर्ष की भांति इस




बार भी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहेगा।

# काछोला में आज 32 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला**

**(विक्रम सिंह)।** विजयादशमी पर्व पर काछोला में गुरुवार शाम 7 बजे 32 फीट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा। इस बार ग्राम पंचायत काछोला की ओर से रावण दहन का आयोजन



प्रतापसागर तालाब के मध्य गांधी चौक पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई ने बताया कि दशहरे के इस पावन पर्व पर रावण दहन कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रावण दहन के साथ आकर्षक आतिशबाजी भी होगी, जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

# ढ़ेलाणा गांव में निकली नवरात्र पर भेरुनाथ का झंडा और ज्योत यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव ।** कस्बे के निकटवर्ती ढ़ेलाणा गांव में नवरात्र के अवसर पर भेरुनाथ का झंडा और ज्योत शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। यह यात्रा पूरे गांव में भ्रमण करने के बाद भेरुनाथ मंदिर पहुँची, जहां सुबह 11:15 बजे झंडा चढ़ाया गया।

पुजारी गोवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि यात्रा की शुरुआत सुबह 7:15 बजे डीजे और ढोल-नगाड़ों के साथ कोठारी नदी किनारे स्थित बन्नी के देवनारायण मंदिर से हुई। इसके बाद



भेरुनाथ की ज्योत मुख्य मार्गो से होते हुए मंदिर पंहुची । शोभायात्रा में भक्तगण नाचते-गाते, देवनारायण, सगस जी और भेरुनाथ सहित कई देवी-देवताओं के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए।

इस अवसर पर देवा जाट, होकम सिंह, सोहन दरोगा, रघुनाथ सिंह, सम्पत दरोगा, बहादुर दरोगा, अंबालाल जाट, गोपाल सेन, शंकर सिंह, भेरू सिंह, भैरु जाट, कैलाश दरोगा, प्रभु लाल जाट, नारायण जाट, भवानी शंकर दरोगा, श्यामलाल जाट, बहादुर सिंह और देवराज सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शाहपुरा अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा ठप, मरीज बेहाल

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

शहर स्थित जिला अस्पताल में मरीज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। हालात यह हैं कि सोनोग्राफी मशीन पिछले छह माह से खराब पड़ी है, जिसके चलते मरीजों को लंबी लाइनें झेलने के बाद भी बाहर निजी सेंटरों या भीलवाड़ा तक भटकना पड़ रहा है।

बुधवार को एक मरीज जब डॉक्टर को दिखाने पहुँचा तो उसे सोनोग्राफी करवाने की सलाह दी गई। लेकिन अस्पताल में मशीन खराब होने की बात सुनकर उसे बाहर निजी सेंटर पर जाना पड़ा। मरीजों का कहना है कि 55 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा




जाकर सोनोग्राफी करवाना न सिर्फ परेशानी है बल्कि गरीब तबके के लिए आर्थिक बोझ भी है।

लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तुरंत प्रभाव से अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरू करवाई जाए ताकि स्थानीय मरीजों को राहत मिल सके।

# महुआ शाखा में संघ शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव सम्पन्न

## शस्त्र पूजन के साथ स्वामी जगदीश पूरी महाराज ने दिया आशीर्वचन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

महुआ (महावीर वैष्णव)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महुआ शाखा द्वारा संघ शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर परम् पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी जगदीश पूरी महाराज ने आशीर्वचन दिए।

परम्परागत विधि-विधान के अनुसार शस्त्र पूजन सम्पन्न हुआ। अपने उद्बोधन में स्वामी जी ने कहा कि विजयादशमी का पर्व सत्य की असत्य पर विजय का प्रतीक है, जो



हमें धर्म, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में संघ का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कस्बे के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### श्री बाबाधाम पर नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न, 1008 कन्याओं का किया विशेष पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



श्री बाबाधाम में 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्रि महोत्सव बड़े भव्य रूप से मनाया गया। अंतिम दिन बुधवार सुबह 9.15 बजे आचार्य पंडित गोविंद गौतम एवं अन्य पंडितों द्वारा हवन और पूर्णाहुति संपन्न हुई। नवरात्रि के अवसर पर 1008 कन्याओं के पैर धोकर, तिलक लगाकर और माँ की चुनरी ओढ़ाकर उन्हें फल व भोजन प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, समाजसेवी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्री बाबाधाम में गरबा नृत्य, महाआरती और विशेष सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ नवरात्रि महोत्सव में भाग लिया और माता के दरबार में मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

### माँ भारती विद्यालय में 211 बालिकाओं का कन्या पूजन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**



माँ भारती विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में शारदीय नवरात्रि समापन पर बुधवार को कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान विद्यालय की 211 बालिकाओं का माल्यार्पण कर भामाशाह फूलशंकर तिवाड़ी ढ़ोकलिया व सीए गौरीशंकर तिवाड़ी ने फल व शैक्षणिक सामग्री वितरित की।

भामाशाहों ने विद्यालय के सभी 340 छात्र-छात्राओं को भी सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष महेंद्र कुमार श्रोत्रिय, प्रधान मनोहर लाल शर्मा सहित विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महुआ में आज होगा 21 फीट ऊँचे रावण का दहन

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**



**(महावीर वैष्णव)।** कस्बे में विजयादशमी पर्व के अवसर पर गुरुवार को 21 फीट ऊँचे रावण का दहन किया जाएगा। आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में होगा।आयोजन से पहले दोपहर बाद कस्बे में भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी निकाली जाएगी। झांकी कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए रावण दहन स्थल तक पहुंचेगी। इस दौरान वीर बजरंग दल बिजौलिया द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।खेल मैदान पहुंचने के बाद राम-रावण युद्ध का मंचन किया जाएगा और अंत में रावण का दहन किया जाएगा।

### गेंदलिया व बड़लियास में आज 35-35 फीट लंबे रावण का होगा दहन

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**



**सांवर वैष्णव ।** क्षेत्र की गेंदलिया और बड़लियास ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर इस बार विजयादशमी पर्व के अवसर पर 35-35 फीट लंबे रावण का दहन किया जाएगा।

गेंदलिया में दोपहर दो बजे हनुमान जी महाराज के मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की सवारी प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित मेला प्रांगण में पहुंचेगी। वहां राम और रावण का युद्ध होगा और अंत में भगवान राम द्वारा तीर मारकर रावण का दहन किया जाएगा। शोभायात्रा में अखाड़ों का प्रदर्शन भी होगा। वहीं बड़लियास में नवयुवक रामायण मंडल एवं ग्रामवासियों द्वारा रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। शाम 4 बजे लाल बाई-फुल बाई माताजी मंदिर से भगवान श्री राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण पहुंचेगी। वहां शाम 6 बजे भगवान राम तीर मारकर रावण का दहन करेंगे। इस अवसर पर भव्य आतिशबाजी भी आयोजित की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।